HINDUSTAN, Kurukshetra, 1.9.2020
Page No. 3, Size:(5.44)cms X (18.27)cms.

स्कूल-कॉलेज में फीस वसूली का बना रहे दबाव का करेंगे विरोध : डॉ. वर्धन

भास्कर न्यूज | कुरुक्षेत्र

राष्ट्रीय मानवाधिकार कमेटी (एनएचआरसी) के राष्ट्रीय कन्वीनर डॉ. आनंद वर्धन ने बताया राष्ट्रीय मानवाधिकार कमेटी जल्द ही प्रदेश व जिला स्तर पर कमेटी का गठन करेगी। कुरुक्षेत्र जिले के लिए महेश शर्मा को जिला कन्वीनर बनाया जाएगा। कुरुक्षेत्र पहुंचे डॉ. वर्धन ने बताया लॉकडाउन के दौरान बंद बड़े निजी स्कूल-कॉलेज जबरदस्ती फीस वसूलना चाह रहे हैं, ऐसी तानाशाही नहीं चलने दी जाएगी। जरूरत पड़ने पर इस संबंध में हाईकोर्ट में जनहित याचिका लगा स्कूल-कॉलेज ऐसी तानाशाही को रुकवाने का हर संभव प्रयास किया जाएगा। उन्होंने बताया रूड़की आईआईटी में विदेशी छात्रों के साथ हुई हिंसा को लेकर भी एनएचआरसी विरोध किया है। साथ ही विदेशी छात्रों को न्याय दिलावाने के लिए उत्तराखंड के मुख्यमंत्री से भी मिल आवश्यक कदम उठाने बारे कहा गया। जहां भी समाज में अन्याय होगा एनएचआरसी उसका विरोध करे पीड़ित को न्याय दिलाने का हर संभव प्रयास करती है। एनएचआरसी की ओर से आर्टिकल 14 में समता अकेडमी के नाम से जूडिशियली, आईएएस, आईपीएस एसएससी, बैंकिंक व टीचर्स एग्जाम की तैयारी के लिए गरीब व असहाय व पिछड़े छात्रों को रिटायर्ड आईएएस व न्यायाधीश गाइड लाइन देंगे ताकि समाज का उत्थान हो सके।

DAINIK BHASKAR, Bhopal, 1.9.2020
Page No. 3, Size:(7.92)cms X (14.37)cms.

मानवाधिकार आयोग ने निगम कमिश्नर को पेश होने जारी किया जमानती वारंट

भोपाल| मानवाधिकार आयोग की उपेक्षा करने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू हो गई है। नगर निगम कमिश्नर को आयोग को जांच रिपोर्ट देने के निर्देश दिए थे। मामले में रिमाइंडर जारी किए। इसके बाद भी निगम कमिश्नर ने आयोग को जवाब नहीं दिया। इस पर नाराज होकर आयोग ने उनके खिलाफ 5 हजार रुपए का जमानती वारंट एसपी के माध्यम से जारी करने के आदेश दिए हैं। वहीं 5 हजार रुपए जुर्माना लगाने के लिए शोकॉज नोटिस देने के भी आदेश दिए हैं। अधिकारी को 15 सितंबर को आयोग में उपस्थित होने के आदेश दिए है। प्रकरण वर्ष 2018 का है।